आकाशवाणी, भोपाल

<u>सांध्यकालीन समाचार</u>

दिनांक : 23.04.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार

- 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देश-विदेश से संवाद
- पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में एलपीजी सप्लाई पूरी तरह सामान्य, अप्रैल में अब तक 14 लाख टन से ज्यादा गैस वितरित
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के नरयावली में 58 करोड़ से अधिक के 98 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।
- मुंबई के वानखेड़े में आज मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा निर्णायक मुकाबला

--------

पीएम मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार, 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री- सागर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सागर जिले के नरयावली में करीब 58 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से 98 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने सांदीपनि विद्यालय का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं के हित में कृषि भूमि के भू-अर्जन पर किसानों को गाइड लाइन का 4 गुना मुआवजा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह महाभारत में द्रौपदी का चीरहरण हुआ, उसी तरह कांग्रेस ने संसद में महिला आरक्षण बिल को रोककर महिलाओं के साथ अन्याय किया।

**उपराष्ट्रपति- एम्स दीक्षांत समारोह**

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज एम्स ऋषिकेश के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए, जहाँ 386 छात्रों को डिग्री दी गई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 23 पदक दिए गए। इस मौके पर उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहे।

**सीएम- उत्कृष्ट विमानन केंद्र**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को उत्कृष्ट विमानन केंद्र और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। वर्ष 2030 तक यात्री क्षमता को 5.5 मिलियन से बढ़ाकर 10 मिलियन और माल कार्गो क्षमता 20 हजार मीट्रिक टन करने का लक्ष्य है। इंदौर-देवास-उज्जैन क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ एयरपोर्ट सिटी भी विकसित की जाएगी।

धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान बनाने के लिए 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' और 'धार्मिक पर्यटन हेली सेवा' के जरिए भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो सहित आठ प्रमुख शहरों को जोड़ा जा रहा है।

## राष्ट्रपति- कलाकार मुलाकात

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक कला के 13 कलाकारों से मुलाकात की और उनकी कलाकृतियों को देखा। ये कलाकार कावी, निर्मल, माता नी पछेड़ी और गोंड जैसी विभिन्न कला विधाओं में काम करते हैं और आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंस प्रोग्राम के तहत राष्ट्रपति भवन में रह रहे हैं।

## एलपीजी सप्लाई सामान्य

पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बावजूद सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह ठीक है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि कल करीब 12 लाख घरों में सिलेंडर पहुँचाए गए। अप्रैल में अब तक 14 लाख टन से ज़्यादा एलपीजी बाँटी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अब तक 17 लाख से ज्यादा 5 किलो के सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है।

## एलपीजी कालाबाजारी

प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए अब तक 2 हजार 945 स्थानों पर जांच की गई और 4 हजार 642 सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं 13 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई।

## राजनाथ सिंह- जर्मनी

जर्मनी के म्यूनिख में रक्षा निवेशक शिखर सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मन उद्योग को भारत के साथ सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां उन्नत रडार, एआई-सक्षम ड्रोन और जलमग्न ट्रांसमीटर जैसी विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में जर्मन कंपनियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

## गेहूं खरीदी

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 3 लाख 5 हजार से अधिक किसानों से करीब 13 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है और एक लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 1333 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस साल रिकॉर्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले साल से 3 लाख 60 हजार अधिक है। किसानों को इस बार 2585 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जा रहा है। सरकार ने इस साल 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा है।

## नारी वंदन और केंद्रीय राज्य मंत्री

धार में भाजपा की प्रेस वार्ता में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद सावित्री ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संसद में जो स्थिति बनी, वह महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाने वाली है और इससे महिला सशक्तिकरण पर विपक्ष की मानसिकता उजागर हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना, जन-धन खाते, तीन तलाक जैसे फैसलों ने महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है।

## इंदौर- पपीता रावत

इंदौर जिले के धुलेट गांव की महिला किसान पपीता रावत ने पराली जलाने की समस्या से निपटने की अनूठी मिसाल पेश की है। आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने पहले सिलाई का काम शुरू किया, फिर लोन लेकर स्ट्रा रीपर मशीन खरीदी और गांव के किसानों को पराली जलाने के नुकसान समझाए। उनकी मेहनत का नतीजा यह रहा कि इस साल धुलेट और आसपास के 600 बीघा से अधिक खेतों में पराली नहीं जलाई गई। पराली से भूसा तैयार कर किसानों को मवेशियों के चारे के रूप में इसका फायदा दिलाया जा रहा है।

## आयोग नियुक्तियां

प्रदेश सरकार ने लंबे समय से लंबित आयोगों की नियुक्तियां पूरी की है। जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति आयोग की कमान कैलाश जाटव को, महिला आयोग की जिम्मेदारी रेखा यादव को, अनुसूचित जनजाति आयोग की बागडोर रामलाल रौतेल को और बाल संरक्षण आयोग का अध्यक्ष पद डॉ. निवेदिता शर्मा को सौंपा गया है। अध्यक्षों के साथ-साथ सभी आयोगों में सदस्यों की नियुक्ति भी की गई है।

## आईपीएल

आईपीएल 2026 का 33वां मैच आज शाम साढ़े सात बजे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। हार्दिक पांड्या की अगुवाई में मुंबई ने छह मैचों में दो जीते हैं और अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली चेन्नई सात मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ आठवें पायदान पर है।

समाचार संक्षेप में :–

- उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा कल मंदसौर जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय वार्ड और एमसीएच भवन का लोकार्पण करेंगे में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा 2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल से बढ़ाकर 26 अप्रैल कर दी है।
- छिंदवाड़ा के शासकीय विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है।
- डिंडोरी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन 05 मई से 05 जून तक किया जाएगा
- आगरमालवा जिले के ग्राम कंकडेल में 30,000 मीट्रिक टन क्षमता के नवनिर्मित सायलो बैग का शुभारंभ आज विधायक मधु गेहलोत ने किया।
- देवास में महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- झाबुआ में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए कई अहम निर्देश दिए गए।
- बैतूल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड आमला में विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- सीहोर के लोरास कला में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने 65 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।
- राजगढ़ के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहतपरशुराम तालाब के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

नमस्कार